इस प्रश्न-पुस्तिका की सील तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए

इस पुस्तिका में 16 पृष्ठ हैं। — This Booklet contains 16 pages.

सीरीज / Series

**D**

# JAE–2015

प्रश्न-पुस्तिका संख्या
**Question Booklet No.** 1112456

अनुक्रमांक (अंकों में) / **Roll No. (in digits)** 0 0 3 4 4 1 5 2

अनुक्रमांक (शब्दों में) / **Roll No. (in words)**

Three Lac Forty Four thousand One Hundred Fifty Two

निर्धारित समय : 1 घण्टा
Time Allowed : 1 hour

अधिकतम अंक : 40
Maximum Marks : 40

**प्रश्नों के उत्तर देने के लिए केवल काले बॉल-प्वाइंट पेन का इस्तेमाल करें।**
**Use Black Ball-point pen only for marking the responses.**

अभ्यर्थी उत्तर-पत्रक पर उत्तर देने से पहले सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लें।
Candidate must read all the instructions carefully before marking the responses.

आपको प्रश्नों के उत्तर केवल उत्तर-पत्रक पर ही देने हैं।
You have to mark your answers on Answer-Sheet only.

परीक्षा के उपरान्त उत्तर-पत्रक अन्तरीक्षक को लौटा दें।
After the examination is over, hand over the Answer-Sheet to the Invigilator.

## महत्त्वपूर्ण अनुदेश

1. सभी प्रश्नों के उत्तर दें। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
2. इस प्रश्न-पुस्तिका में कुल 80 प्रश्न हैं, जिनमें निम्नलिखित तीन भाग हैं :

   भाग–1 : हिन्दी परिज्ञान और लेखन योग्यता (40 प्रश्न)
   भाग–2 : सामान्य बुद्धि परीक्षण (20 प्रश्न)
   भाग–3 : सामान्य जानकारी (20 प्रश्न)
3. OMR उत्तर-पत्रक पर दिए गए स्थान पर अभ्यर्थी अपना अनुक्रमांक, पंजीकरण संख्या, वर्ग, प्रश्न-पुस्तिका संख्या, परीक्षा केन्द्र कोड, प्रश्न-पुस्तिका सीरीज, जन्म-तिथि तथा लिंग अंकित करें अन्यथा उत्तर-पत्रक का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा और उसकी जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी।
4. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिए गए हैं। अभ्यर्थी सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए जैसा कि नीचे दिखाया गया है उनमें से केवल एक गोले अथवा बबल को उत्तर-पत्रक पर काले बॉल-प्वाइंट पेन से पूरा काला कर दें। एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जाएगा एवं उसे जाँचा नहीं जाएगा।

   उदाहरण : ● ○ ○ ○
5. रफ कार्य इस प्रश्न-पुस्तिका में निर्धारित स्थान पर ही करें।
6. उत्तर-पत्रक पर किसी प्रकार के संशोधन हेतु व्हाइटनर या ब्लेड आदि के प्रयोग की अनुमति नहीं है।
7. इलेक्ट्रॉनिक कैल्कुलेटर और मोबाइल आदि का प्रयोग करने की अनुमति नहीं है।
8. परीक्षा समाप्ति के पश्चात् आप अपनी प्रश्न-पुस्तिका एवं OMR की कार्बन कॉपी (अभ्यर्थी की प्रति) ले जा सकते हैं।
9. कोई नकारात्मक मूल्यांकन नहीं होगा।

www.JobRiya.com

## IMPORTANT INSTRUCTIONS

1. Answer all questions. All questions carry equal marks.
2. This Question Booklet contains 80 questions in all comprising the following three parts :

   Part–1 : Comprehension and Writing Ability in Hindi (40 questions)
   Part–2 : General Intelligence Test (20 questions)
   Part–3 : General Awareness (20 questions)
3. The candidate should indicate the correct Roll Number, Registration No., Category, Question Booklet No., Exam Centre Code, Question Booklet Series, Date of Birth and Sex on the OMR Answer-Sheet otherwise the Answer-Sheet will not be evaluated and the candidate will be solely responsible for it.
4. Each question has four alternative answers. The candidate has to darken only one circle/bubble on the Answer-Sheet using black ballpoint pen indicating the correct answer as shown. If more than one answer/option is found darkened, then the question will be treated wrong and will not be evaluated.

   Example : ● ○ ○ ○
5. Rough work is to be done in the space provided in the Question Booklet only.
6. Use of white fluid or blade for correction on Answer-Sheet is not permissible.
7. Use of Electronic calculator and Mobile, etc., is not permissible.
8. After completion of examination, you are allowed to take away your Question Booklet and your carbon copy of OMR sheet (Candidate Copy).
9. There is no negative marking.

**DO NOT OPEN THE SEAL OF THE QUESTION BOOKLET UNTIL YOU ARE TOLD TO DO SO**

## भाग—1 : हिन्दी परिज्ञान और लेखन योग्यता

1. 'योगदान' में कौन-सा समास है?
   (A) तत्पुरुष (B) कर्मधारय
   (C) बहुव्रीहि (D) अव्ययीभाव

2. 'उच्छ्वास' का सही संधि-विच्छेद है
   (A) उच् + श्वास (B) उच् + छवास
   (C) उत् + श्वास (D) उत् + छवास

3. जो हर समय अपना मतलब साधता हो उसे क्या कहा जाता है?
   (A) परमार्थी (B) स्वार्थी
   (C) स्वारथी (D) मतलबी

4. 'बहिर्मुखी' शब्द में कौन-सा उपसर्ग है?
   (A) बहिर् (B) बहिर
   (C) बहिस (D) बहि

5. निम्न में से कौन-सा वाक्य मिश्रवाक्य नहीं है?
   (A) एक विज्ञान गोष्ठी हुई जिसमें अनेक वक्ता बोले।
   (B) वह परिश्रमी ही नहीं वरन् ईमानदार भी है।
   (C) मैंने एक पुस्तक खरीदी जो नई है।
   (D) यह वही बच्चा है जिसे बैल ने मारा।

6. "साहित्य जनता की चित्तवृत्तियों का संचित प्रतिबिंब है।" यह उक्ति किसकी है?
   (A) हजारी प्रसाद द्विवेदी
   (B) महावीर प्रसाद
   (C) नगेन्द्र
   (D) रामचन्द्र शुक्ल

7. 'मर्यादा' किस युग की प्रसिद्ध पत्रिका थी?
   (A) भारतेन्दु युग
   (B) छायावाद युग
   (C) द्विवेदी युग
   (D) छायावादोत्तर युग

8. निम्नलिखित काव्य-पंक्तियों को उनके रचनाकारों के साथ सुमेलित करें :

| | | | |
|---|---|---|---|
| a. | भक्तिहीं ज्ञानहि नहिं कछु भेदा | 1. | अज्ञेय |
| b. | हम राज्य लिए मरते हैं | 2. | बिहारी |
| c. | ये उपमान मैले हो गए हैं | 3. | मैथिलीशरण गुप्त |
| d. | बतरस लालच लाल की | 4. | तुलसीदास |

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (B) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (C) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (D) | 4 | 1 | 2 | 3 |

**निर्देश :** (प्रश्न संख्या 9 तथा 10) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द चुनें।

9. कृतज्ञ
   (A) कृतघ्न (B) अभ्यस्त
   (C) सम्पादित (D) कर्तव्य

10. संकीर्ण
   (A) उत्कीर्ण (B) उदार
   (C) विकीर्ण (D) अनुदार

**निर्देश :** (प्रश्न संख्या 11 तथा 12) निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द चुनें।

11. मृगधर
   (A) सिंह (B) चंद्रमा
   (C) शिव (D) मयूर

12. पराग
   (A) भारती (B) फूल
   (C) सुगंध (D) सुकुमार

www.JobRiya.com

निर्देश : (प्रश्न संख्या **13** से **15**) नीचे दिए गए शब्द के लिए अर्थव्यंजक चार-चार विकल्प दिए गए हैं। सर्वाधिक उपयुक्त अर्थव्यंजक विकल्प चुनकर लिखें।

**13.** गयन्द

(A) बड़ा घोड़ा (B) जंगली भैंसा

(C) गैंडा (D) बड़ा हाथी

**14.** मूढ़चेता

(A) मूर्ख जो बाद में चतुर बन गया हो

(B) आलसी

(C) मूर्ख

(D) दूसरों को मूर्ख बनाने वाला

**15.** प्रायोगिक

(A) जिसका प्रयोग कई वस्तुओं के योग से किया जाए

(B) जिसका पहले प्रयोग किया जा चुका हो

(C) जिसका प्रयोग भविष्य में हो

(D) जिसका नित्य प्रयोग किया जाए

www.JobRiya.com

**16.** "खिली हुई हवा आई फिरकी सी आई, चल गई"—पंक्ति में अलंकार है

(A) उपमा (B) अनुप्रास

(C) संभावना (D) उत्प्रेक्षा

**17.** "पापी मनुज भी आज मुख से, राम नाम निकालते"—इस काव्य-पंक्ति में अलंकार है

(A) विरोधाभास (B) दृष्टान्त

(C) विभावना (D) उदाहरण

**18.** शान्त रस का स्थायीभाव है

(A) निर्वेद (B) रति

(C) शृंगार (D) ग्लानि

निर्देश : (प्रश्न संख्या **19** से **22**) निम्नलिखित वाक्यों में उनके प्रथम तथा अन्तिम अंश संख्या 1 और 6 के अन्तर्गत दिए गए हैं। बीच वाले चार अंश (य), (र), (ल), (व) के अन्तर्गत बिना क्रम के हैं। चारों अंशों को उचित क्रमानुसार व्यवस्थित कर उचित विकल्प चुनें।

**19.** 1. कुल मिलाकर आत्मरक्षा

(य) की रपट तथा पुलिस अधिकारियों की

(र) बातों से यही निष्कर्ष सामने आता है कि

(ल) छात्राओं को आत्मरक्षा के लिए सुरक्षा के तरीकों में

(व) के मामले में महिला आयोग

6. निपुण किया जाता है।

(A) ल य र व (B) र ल व य

(C) व य र ल (D) य र ल व

**20.** 1. तब चेचक के समानांतर

(य) एक और बीमारी थी—गौशीतला,

(र) इसका शिकार हो जाता और उसके

(ल) आम धारणा थी कि बीमार गाय का दूध पीने वाला

(व) प्रायः यह रोग गाय के थनों में होता है,

6. हाथों में छोटे घाव व फुंसियाँ हो जाती हैं।

(A) र य ल व (B) य व ल र

(C) य ल र व (D) य र व ल

**21.** 1. देश में संतुलित क्षेत्रीय विकास

(य) केन्द्र सरकार द्वारा उन उद्यमों में

(र) योजनागत और योजनेतर संसाधनों द्वारा

(ल) सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों के जरिए

(व) की प्रगति का सबसे महत्त्वपूर्ण कारण

6. सीधे निवेश किया जाना है।

(A) व ल य र (B) य ल र व

(C) व ल र य (D) र व य ल

22. 1. राज्यों को विभिन्न योजनाओं के लिए

(य) जो संसाधन दिए जाते हैं

(र) योजना आयोग के माध्यम से

(ल) देश के विभिन्न भागों का

(व) उनका उद्देश्य

6. संतुलित क्षेत्रीय विकास करना है।

(A) व य ल र (B) र य व ल

(C) य ल व र (D) ल व य र

**निर्देश :** (प्रश्न संख्या **23** से **27**) निम्नलिखित अवतरण को पढ़कर सम्बद्ध वैकल्पिक उत्तरों में से सही उत्तर का चयन कर उसे चिह्नित करें।

हम सब लोग एक भीड़ से गुजर रहे हैं। जो सवेरे घर से निकलकर दफ़्तर और वापस घर जाकर अपना दिन सार्थक करते हैं, उन्हें भीड़ से सिर्फ बस में साक्षात्कार होता है। जो मोटर से चलते हैं उनके लिए भीड़ एक अवरोध है जिसे वे लोग सशक्त और फुर्तीली सवारी गाड़ी से पार कर जाते हैं। जो पैदल चलते हैं वे खुद भीड़ हैं। लेकिन ये तीनों वास्तव में न तो भीड़ से कुछ समय के लिए निपट कर बाकी समय मुक्त हैं न अलग-अलग रास्तों के कारण भीड़ के अन्दर कम या ज्यादा फँसे हुए हैं। ये सब बिल्कुल एक ही तरह से और हर समय पूरी तौर से भीड़ में फँस चुके हैं। सिर्फ इतना है कि ये जानते नहीं, और यह तो बिल्कुल नहीं जानते कि जिसके पास सत्ता है, वह राज्य की हो या संगठित उद्योग की, वह भीड़ का इस्तेमाल भीड़ में फँसे प्रत्येक व्यक्ति के विरुद्ध करता है। जान भी लें तो सिर्फ इतना जानते हैं कि हम इस संसार के नहीं रह गए हैं और हमारे चारों तरफ जीवन नहीं बल्कि भीड़ है जो अपनी शक्ल भीड़ के पर्दे पर नहीं देख सकते। अगर किसी को यह शक्ल दिखाई देने लगे तो उसे मालूम होता है कि अब वह जिस भीड़ को पहचानता है वह अभी तक उसके विरुद्ध इस्तेमाल की जाती रही है। अपनी शक्ल का यह परिचय कवि के लिए, जो एक भीड़ से अन्य सामान्य जनों की अपेक्षा अधिक गहरा भाषाई संबंध रखता है, एक मुक्त कर देने वाला अनुभव बन जाता है। उसका विपर्यय भी सही है कि जब तक उसे अपनी शक्ल नहीं दिखाई देती, वह फँसा रहता है।

www.JobRiya.com

23. उपर्युक्त गद्यांश का सही शीर्षक है

(A) भीड़ में फँसे लोग

(B) भीड़ की शक्ल

(C) भीड़ में कवि

(D) भीड़ का इस्तेमाल

24. भीड़ से मुक्ति का उपाय है

(A) भीड़ में खो जाना

(B) भीड़ का इस्तेमाल करना

(C) भीड़ से दूर रहना

(D) भीड़ में अपनी शक्ल देखना

25. भीड़ किनके लिए रुकावट है?

(A) मोटर में चलने वालों के लिए

(B) दौड़ने वालों के लिए

(C) पैदल चलने वालों के लिए

(D) बस में चलने वालों के लिए

26. भीड़ का इस्तेमाल किसके विरुद्ध किया जाता है?

(A) विरोधियों के विरुद्ध

(B) भीड़ में फँसे लोगों के विरुद्ध

(C) सरकार के विरुद्ध

(D) जनता के विरुद्ध

27. भीड़ का इस्तेमाल कौन करता है?

(A) सरकार

(B) पूँजीपति

(C) सत्ताधारी

(D) नेता

निर्देश : (प्रश्न संख्या 28 से 31) निम्नलिखित चार वाक्यों में तीन त्रुटिपूर्ण हैं। त्रुटिरहित वाक्य छाँटकर उसे चिह्नित करें।

28. (A) गीतों की पुस्तक एक ला दीजिए।
(B) गीतों की एक पुस्तक ला दीजिए।
(C) एक गीतों की पुस्तक ला दीजिए।
(D) एक गीत की पुस्तक ला दीजिए।

29. (A) मैं सारी रात भर जागता रहा।
(B) मैं पूरी रात भर जागता रह गया।
(C) मैं पूरी रात में जागता रहा।
(D) मैं सारी रात जागता रहा।

www.JobRiya.com

30. (A) जब तक मैं नहीं आऊँ उस समय तक तुम पढ़ते रहना।
(B) जब तक मैं न आऊँ तब तक तुम पढ़ते रहना।
(C) जब तक मैं न आऊँ उस समय तक तुम पढ़ते रहना।
(D) जब तक मैं नहीं आऊँ तब तक तुम पढ़ते रहना।

31. (A) यह काम मैं आसानी सहित कर सकता हूँ।
(B) यह काम मैं आसानी से कर सकता हूँ।
(C) यह काम मैं आसानी पूर्वक कर सकता हूँ।
(D) यह काम मैं आसानी के साथ कर सकता हूँ।

निर्देश : (प्रश्न संख्या 32 से 35) निम्नलिखित वाक्यों में एक- एक स्थान रिक्त है। उचित विकल्प चुनकर चिह्नित करें।

32. गाँधीजी का अर्थशास्त्र धर्म और —— पर आधारित है।
(A) न्याय (B) यश
(C) प्रशासन (D) अहिंसा

33. —— दृष्टि राष्ट्रीयता का आधार है।
(A) धर्मसम्मत (B) धर्मसापेक्ष
(C) धर्मानुसार (D) धर्मनिरपेक्ष

34. लोकतंत्र राज्य जनता में राष्ट्रीय भावना —— रूप में जागरित करता है।
(A) संकीर्ण (B) अस्वाभाविक
(C) अनिरंजित (D) स्वाभाविक

35. विकास के लिए आर्थिक —— आवश्यक होती है।
(A) विविधता (B) आत्मनिर्भरता
(C) सक्षमता (D) बहुलता

36. निम्न में से कौन-सा व्यंजन पार्श्विक है?
(A) श (B) ल
(C) झ (D) य

37. 'उन्मेख' किस प्रकार का शब्द है?
(A) तद्भव (B) तत्सम
(C) देशज (D) आगत

38. किस बोली में 'ने' परसर्ग लगाया जाता है?
(A) ब्रजभाषा (B) खड़ी बोली
(C) राजस्थानी (D) अवधी

39. भारतवर्ष के लिए हिन्दी भाषा का नाम सबसे पहले किसने सुझाया?
(A) रवीन्द्रनाथ ठाकुर
(B) मदन मोहन मालवीय
(C) राजा राममोहन राय
(D) महात्मा गाँधी

40. 'देव जो महान है' यह किस समास का उदाहरण है?
(A) कर्मधारय (B) बहुव्रीहि
(C) तत्पुरुष (D) अव्ययीभाव

## भाग—2 : सामान्य बुद्धि परीक्षण

**41.** A, B से लम्बा है। D, C से छोटा किन्तु E से लम्बा है। ऊँचाई को ध्यान में रखें, तो केवल D ही A तथा B के मध्य है। कौन सर्वाधिक लम्बा है?

(A) B

(B) C

(C) D

(D) A

**42.** A ने B से कहा, "मैं जब तुम्हारी उम्र का था, तब तुम्हारी जो उम्र थी, उसकी दोगुनी उम्र आज मेरी है"। यदि उनकी वर्तमान उम्र का योग 63 वर्ष है, तो A की वर्तमान उम्र क्या है?

(A) 45 वर्ष

(B) 18 वर्ष

(C) 28 वर्ष

(D) 36 वर्ष

www.JobRiya.com

**43.** सबसे पहले अहमद अपने स्थान से उत्तर की ओर 20 मीटर जाता है, तब वह अपनी दायीं ओर 15 मीटर चलता है। पुनः वह दायीं ओर मुड़ता है और 20 मीटर चलता है। तुरन्त बायीं ओर मुड़कर वह 25 मीटर चलता है। अब अहमद अपने चलने के स्थान से कितनी दूर है?

(A) 45 मीटर

(B) 50 मीटर

(C) 40 मीटर

(D) 35 मीटर

**44.** शृंखला के लुप्त पद को ज्ञात करें :

DCBA, ?, ZYXW, SRQP

(A) EHFG

(B) GFEH

(C) FGHE

(D) HGFE

**45.** यदि FACE को 6135 के रूप में कोड किया जाता है तथा DEAD को 4514 के रूप में कोड किया जाता है, तो HIGH को कोड किया जाएगा

(A) 8978

(B) 9887

(C) 9556

(D) 6536

**46.** इस प्रश्न में एक शब्द के साथ आगे चार और शब्द दिये गये हैं, उनमें से एक शब्द का निर्माण दिये गये शब्द के वर्णों से नहीं किया जा सकता। उस शब्द को चुनें :

COMMENTATORS

(A) MOMENT

(B) COSMOS

(C) ROTATE

(D) COMMON

## PART—2 : GENERAL INTELLIGENCE TEST

**41.** *A* is taller than *B*. *D* is shorter than *C* but taller than *E*. Only *D* is between *A* and *B* in terms of height. Who is the tallest of all?

(A) *B*

(B) *C*

(C) *D*

(D) *A*

**42.** *A* says to *B*, "I am twice as old as you were when I was as old as you are". The sum of their present ages is 63 years. What is the present age of *A*?

(A) 45 years

(B) 18 years

(C) 28 years

(D) 36 years

www.JobRiya.com

**43.** First of all Ahmad goes 20 metres to the north from his place, then he walks 15 metres to his right. Again he turns to the right and moves 20 metres. Immediately turning to the left he walks 25 metres. How far is Ahmad now from his starting point?

(A) 45 metres

(B) 50 metres

(C) 40 metres

(D) 35 metres

**44.** Find the missing term of the following series :

DCBA, ?, ZYXW, SRQP

(A) EHFG

(B) GFEH

(C) FGHE

(D) HGFE

**45.** If FACE is coded as 6135 and DEAD is coded as 4514, then HIGH will be coded as

(A) 8978

(B) 9887

(C) 9556

(D) 6536

**46.** In this question, a word has been given followed by four other words, one of which cannot be formed by using the letters of the given word. Find that word :

COMMENTATORS

(A) MOMENT


(B) COSMOS

(C) ROTATE

(D) COMMON


47. एक चौकोर कागज को मोड़कर छिद्रित किया गया, जैसा कि प्रश्न आकृतियों में दिखाया गया है। कागज खोलने पर कौन-सी उत्तर आकृति दिखाई देगी?

प्रश्न आकृतियाँ :



(I) (II)

उत्तर आकृतियाँ :



(A) (B) (C) (D)


48. कौन-सी उत्तर आकृति, प्रश्न आकृति को पूरा करेगी?

प्रश्न आकृति :



www.JobRiya.com

उत्तर आकृतियाँ :



(A) (B) (C) (D)

49. निम्नलिखित क्रम को पूरा करने के लिए सही अक्षरसमूह को चुनें :

_ bb _ c _ bg _ b _ g

(A) cgbcb


(B) cgbcc

(C) gbcbb


(D) cbgbc

50. प्रश्न आकृति, उत्तर आकृतियों में से किसमें छिपी हुई है?

प्रश्न आकृति :



उत्तर आकृतियाँ :



(A) (B) (C) (D)

51. लुप्त शब्द ज्ञात करें :

दूध : कैल्सियम :: दाल : ?

(A) प्रोटीन

(B) वसा

(C) लौह

(D) कार्बोहाइड्रेट


52. उत्तर आकृतियों में से चयन कर प्रश्न आकृतियों की शृंखला पूरी करें।

प्रश्न आकृतियाँ :



(I) (II) (III) (IV)


उत्तर आकृतियाँ :



(A) (B) (C) (D)


47. A square sheet of paper has been folded and punched as shown in the question figures. How will it look like when unfolded?

Question Figures :



(I) (II)

Answer Figures :




(A) (B) (C) (D)


48. Which answer figure completes the form given in the question figure?

Question Figure :

www.JobRiya.com



Answer Figures :



(A) (B) (C) (D)

49. Find the appropriate group of letters to complete the following sequence :

___ bb ___ c ___ bg ___ b ___ g

(A) cgbcb


(B) cgbcc

(C) gbcbb


(D) cbgbc

50. The question figure is embedded in which of the answer figures?

Question Figure :



Answer Figures :



(A) (B) (C) (D)

51. Select the missing word :

Milk : Calcium :: Pulses : ?

(A) Protein


(B) Fat

(C) Iron

(D) Carbohydrate


52. Complete the series of question figures from the answer figures.

Question Figures :




(I) (II) (III) (IV)

Answer Figures :



(A) (B) (C) (D)

**53.** 17 बोगी वाली अंदर से जुड़ी एक ट्रेन के बीच के डिब्बे में एक खोनचेवाला है। वह 6 डिब्बे पीछे आकर अगले स्टेशन पर उतर जाता है। अब वह इंजन से लगे तीसरे डिब्बे में चढ़ जाता है। वह अपने पहले स्थान से कितने डिब्बे दूर है?

(A) 5
(B) 8
(C) 3
(D) 6

**54.** इस प्रश्न में एक कथन-समूह के साथ चार वैकल्पिक निष्कर्ष दिये गये हैं। सबसे उचित विकल्प का चुनाव करें :

"कुछ कपड़े कमीज हैं। सभी कमीज सफेद हैं। कुछ कपड़े लाल हैं।"

(A) सभी कमीज लाल हैं
(B) कुछ कपड़े सफेद हैं
(C) कुछ कमीज सफेद हैं
(D) सभी कपड़े लाल हैं

**55.** यदि RED को कूट भाषा में 360 लिखा जाता है, तो GREEN को लिखा जा सकता है

(A) 44110
(B) 44100
(C) 44400
(D) 41400

**56.** निम्नलिखित अक्षरों का कौन-सा समूह अन्य समूहों से सम्बन्धित नहीं है?

(A) KIMP
(B) HEIL
(C) FCGJ
(D) DAEH

**57.** विलुप्त संख्या भरें :

| | | |
|---|---|---|
| 4 | 9 | 2 |
| 3 | ? | 7 |
| 8 | 1 | 6 |

(A) 4
(B) 6
(C) 7
(D) 5

**58.** यदि $A$ है '−', $B$ है '+' तथा $C$ है '×', तो $(5C4)A(2B3)B6$ का मान क्या है?

(A) 19
(B) 9
(C) 31
(D) 21

**59.** यदि '+' का तात्पर्य है 'से बड़ा', '−' का तात्पर्य है 'से छोटा' एवं '=' का तात्पर्य है 'से बड़ा नहीं', तो '$a+b$ तथा $b-c$' संकेत करता है

(A) $ac+b^2$
(B) $a=c$
(C) $ab+c$
(D) $a+c$

**60.** यदि 3 = 7, 8 = 12, 9 = 13 हो, तो 7 = ?

(A) 11
(B) 12
(C) 13
(D) 10

www.JobRiya.com

53. A hawker is in the middle compartment of an interconnected train with 17 bogies. He moves 6 compartments backward and gets down on the next station. Now he enters in the third compartment next to engine. How many compartments he is far away from his original position?

(A) 5 (B) 8

(C) 3 (D) 6

54. In this question, a group of statements is followed by four alternative inferences. Select the one which is most appropriate :

"Some clothes are shirts. All shirts are white. Some clothes are red."

(A) All shirts are red

(B) Some clothes are white

(C) Some shirts are white

(D) All clothes are red

www.JobRiya.com

55. If RED is coded as 360, then GREEN can be coded as

(A) 44110

(B) 44100

(C) 44400

(D) 41400

56. Which one of the following groups of letters does not belong to the same class as the others?

(A) KIMP

(B) HEIL

(C) FCGJ

(D) DAEH

57. Insert the missing number :

| | | |
|---|---|---|
| 4 | 9 | 2 |
| 3 | ? | 7 |
| 8 | 1 | 6 |

(A) 4 (B) 6

(C) 7 (D) 5

58. If $A$ stands for '–', $B$ stands for '+' and $C$ stands for '×', then what is the value of $(5C4)A(2B3)B6$?

(A) 19 (B) 9

(C) 31 (D) 21

59. If '+' means 'greater than', '–' means 'smaller than' and '=' means 'not greater than', then '$a+b$ and $b-c$' implies that

(A) $ac+b^2$

(B) $a=c$

(C) $ab+c$

(D) $a+c$

60. If 3 = 7, 8 = 12, 9 = 13, then 7 = ?

(A) 11

(B) 12

(C) 13

(D) 10

## भाग—3 : सामान्य जानकारी

61. महात्मा गाँधी भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस के अध्यक्ष किस वर्ष बने?

(A) 1923

(B) 1924

(C) 1925

(D) 1922

62. 'क्रीमी लेयर' सम्बन्धित है

(A) बायोस्फियर से

(B) सामाजिक एवं आर्थिक हालात से

(C) कुक्कुट-पालन से

(D) दुग्ध उत्पादों से

63. वेदों के गद्य प्रकरण क्या कहलाते हैं?

(A) संहिता

(B) ब्राह्मण

(C) आरण्यक

(D) उपनिषद्

www.JobRiya.com

64. भारतीय फुटबॉल की निम्नलिखित में से किस राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आरम्भ 1945 में हुआ था?

(A) डूरन्ड कप

(B) डी० सी० एम० कप

(C) सीज़र्स कप

(D) सन्तोष ट्रॉफी

65. लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम स्थित है

(A) नई दिल्ली में

(B) हैदराबाद में

(C) इलाहाबाद में

(D) कानपुर में

66. पराध्वनिक गति का मापांकन किस इकाई से होता है?

(A) मैक

(B) नॉट

(C) रिक्टर

(D) हर्ट्ज़

67. रक्त लाल दिखाई देने का कारण होता है

(A) प्लाज़्मा

(B) कतिपय स्रावों का होना

(C) लोहिताणु

(D) हीमोग्लोबिन

68. जल, जो साबुन लगाने पर अच्छा झाग नहीं बना पाता, को क्या कहते हैं?

(A) खारा जल

(B) भारी जल

(C) मृदु जल

(D) संक्रमित जल

69. निम्नलिखित में से कौन संसार में सबसे अधिक तीव्रता से काटता है?

(A) अफ्रीकी बिच्छू

(B) पनामा की दीमक

(C) ऑस्ट्रेलिया की गिलहरी

(D) भारतीय कोबरा

70. 'गोल्डन पेन ऑफ फ्रीडम' पुरस्कार किससे सम्बन्धित है?

(A) पत्रकारिता

(B) सिने-कला

(C) खेल सम्पादकीय

(D) साहित्य-सम्बन्धी लेखन

## PART—3 : GENERAL AWARENESS

61. Mahatma Gandhi became the President of Indian National Congress in the year
    (A) 1923
    (B) 1924
    (C) 1925
    (D) 1922

62. The 'creamy layer' is associated with
    (A) biosphere
    (B) socio-economic status
    (C) poultry farming
    (D) dairy products

www.JobRiya.com

63. The prose versions of Vedas are called
    (A) Samhitas
    (B) Brahmanas
    (C) Aranyakas
    (D) Upanishads

64. Which of the following national events of Indian football was started in the year 1945?
    (A) Durand Cup
    (B) DCM Cup
    (C) Scissors Cup
    (D) Santosh Trophy

65. Lal Bahadur Shastri Stadium is situated at
    (A) New Delhi
    (B) Hyderabad
    (C) Allahabad
    (D) Kanpur

66. The unit used to measure the supersonic speed is
    (A) Mach
    (B) knot
    (C) Richter
    (D) hertz

67. Blood looks red because of
    (A) plasma
    (B) certain secretions
    (C) red corpuscles
    (D) hemoglobin

68. The water that does not produce good lather with soap is called
    (A) hard water
    (B) heavy water
    (C) soft water
    (D) polluted water

69. Which among the following bites fastest in the world?
    (A) African Scorpion
    (B) Panamanian Termite
    (C) Australian Squirrel
    (D) Indian Cobra

70. 'Golden Pen of Freedom' award is associated with
    (A) journalism
    (B) art of cinema
    (C) sports editorials
    (D) literary writing

71. मुगलकाल में पुलिस बल के मुखिया को क्या कहा जाता था?

(A) दारोगा

(B) फौज़दार

(C) सूबेदार

(D) कोतवाल

72. भारत के प्रथम गृहमन्त्री इनमें से कौन थे?

(A) सरदार पटेल

(B) बाबू जगजीवन राम

(C) मोरारजी देसाई

(D) गोविन्द बल्लभ पंत

73. *रामायण* में माण्डवी किसकी पत्नी थी?

(A) भरत

(B) मेघनाद

(C) सुग्रीव

(D) लक्ष्मण

www.JobRiya.com

74. प्राचीनतम वेद कौन-सा है?

(A) ऋग्वेद

(B) अथर्ववेद

(C) यजुर्वेद

(D) सामवेद

75. तरला दलाल किस रूप में प्रसिद्ध है?

(A) पाक-कला विशेषज्ञ

(B) बाल मनोवैज्ञानिक

(C) मीडिया प्रबन्धक

(D) शास्त्रीय नर्तकी

76. मुफ्ती मोहम्मद सईद, जिन्हें जम्मू के जोरावर स्टेडियम में 1 मार्च, 2015 को जम्मू एवं कश्मीर के मुख्यमन्त्री के रूप में शपथ दिलाई गई थी, वे

(A) राज्य के 11वें मुख्यमन्त्री हैं

(B) राज्य के 12वें मुख्यमन्त्री हैं

(C) राज्य के 13वें मुख्यमन्त्री हैं

(D) राज्य के 10वें मुख्यमन्त्री हैं

77. भारत का संविधान लिखा गया था

(A) दो वर्ष से अधिक किन्तु तीन वर्ष से कम अवधि में

(B) तीन वर्षों में

(C) तीन वर्ष से अधिक अवधि में

(D) दो वर्षों में

78. भारतीय संविधान में कितने मूल कर्तव्य दिये गये हैं?

(A) नौ

(B) दस

(C) ग्यारह

(D) आठ

79. 'शिपकी ला दर्रा' हिमालय की किस घाटी में स्थित है?

(A) नाभा घाटी

(B) चन्द्रा घाटी

(C) कुलू घाटी

(D) सतलज्र घाटी

80. त्रिपुरा को कब भारत के पूर्ण राज्य का दर्जा दिया गया?

(A) 1956

(B) 1972

(C) 1975

(D) 1947

71. During Mughal Period, in-charge of police force was called

(A) Daroga

(B) Fauzdar

(C) Subedar

(D) Kotwal

72. Who among the following was the first Home Minister of India?

(A) Sardar Patel

(B) Babu Jagjivan Ram

(C) Morarji Desai

(D) Govind Ballabh Pant

www.JobRiya.com

73. In *Ramayana*, Mandavi was the wife of

(A) Bharat

(B) Meghnad

(C) Sugreev

(D) Laxman

74. Which is the oldest Veda?

(A) *Rigveda*

(B) *Atharvaveda*

(C) *Yajurveda*

(D) *Samaveda*

75. Tarla Dalal is a famous

(A) cookery specialist

(B) child psychologist

(C) media manager

(D) classical dancer

76. Mufti Mohammad Sayeed was sworn in as Chief Minister of Jammu and Kashmir on March 1, 2015 at Zorawar Stadium, Jammu. He is the

(A) 11th Chief Minister of the State

(B) 12th Chief Minister of the State

(C) 13th Chief Minister of the State

(D) 10th Chief Minister of the State

77. The Constitution of India was written in

(A) more than two years but less than three years

(B) three years

(C) more than three years

(D) two years

78. How many Fundamental Duties are given in the Indian Constitution?

(A) Nine

(B) Ten

(C) Eleven

(D) Eight

79. 'Shipki La Pass' is located in which of the following Himalayan valleys?

(A) Nabha valley

(B) Chandra valley

(C) Kullu valley

(D) Sutlej valley

80. When was Tripura made a full-fledged State of India?

(A) 1956

(B) 1972

(C) 1975

(D) 1947